# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा/1484
दिनांक: 05.12.2019

सेवा में,

समस्त परीक्षा समीक्षक (ऑब्जर्वर)
विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) एवं
सम सेमेस्टर विशेष परीक्षा,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :– समस्त व्यवसायिक एवं पारम्परिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) एवं सम सेमेस्टर की विशेष परीक्षा हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में दैनन्दिन आख्या आवश्यक रूप से प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्रांक परीक्षा/1472, दिनांक 28.11.2019 का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त व्यवसायिक एवं पारम्परिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) एवं सम सेमेस्टर की विशेष परीक्षा हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में दैनन्दिन आख्या पत्र के साथ संलग्न प्रारूप पर आवश्यक रूप से ई–मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। परन्तु खेद का विषय है कि कतिपय परीक्षा समीक्षकों (आब्जर्वरों) द्वारा ही दैनन्दिन आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जा रही है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि समस्त परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षा समीक्षक (आब्जर्वर) अपनी दैनन्दिन आख्या निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक रूप से निम्नलिखित ई–मेल आई0डी0 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ई–मेल आई0डी0 : **dyregistrarexam@ccsuniversity.ac.in**

भवदीय,

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी–कमेटी सैल को सूचनार्थ।

05-12-19

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा/1485
दिनांक: 05.12.2019

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या (वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक)
समस्त परीक्षा केन्द्र,
विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) एवं
सम सेमेस्टर विशेष परीक्षा,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :– समस्त व्यवसायिक एवं पारम्परिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2019) एवं सम सेमेस्टर की विशेष परीक्षा हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक का दायित्व सुचारू रूप से निर्वहन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य/प्राचार्या को वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक के कार्यों का सुचारू रूप से निर्वहन किये जाने की अपेक्षा है, परन्तु खेद का विषय है कि कतिपय परीक्षा केन्द्रों के वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षकों द्वारा उक्त कार्यों का सुचारू रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। जबकि सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पत्रांक संख्या 9/2018/1036/सत्तर–1–2018–16(9)/2018 द्वारा आदेश प्रदान किये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक के दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को मा० प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी–कमेटी सैल को सूचनार्थ।

05-12-19

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)